के0 विद्यालय झाझा

शीतकालीन अवकाश हेतु गृहकार्य हिंदी

कक्षा छठीं

****

प्रश्न1-1 से 30 तक हिंदी, 'संस्कृत,अंग्रेजी और रोमन में गिनती लिखो?

2- एक लोकगीत लिखो जो आपको सबसे अच्छा लगता हो लेकिनआप की पाठ्य पुस्तक में न हो।

3- किसी एक विषय पर एक अनुच्छेद लिखो-

क- कोरोना वायरस

ख- ऑन लाइन क्लास लाभ व हानियाँ

ग-फिट इंडिया कार्यक्रम

4- आपकी माता जी क्या क्या काम करती हैं?

5-झाँसी की रानी कविता पाठ में कौन-कौन से सेनानियों के नाम आये हैं? उन में से सबसे अच्छा सेनानी कौन सा लगा ?

6-लाखों करोड़ों वर्ष पहले धरती कैसी थी?

7- गांधी जी पैदल क्यों चलते थे? पैदल चलने से क्या क्या लाभ है ?

8- आपके घर में हिंदी की कौन-कौन किताबें हैं?उनके नाम लिखो ?आपको कौन सी किताब अच्छी लगी ?

9- लेखक/ रचयिता का नाम लिखो,

क-बाल राम कथा

ख-रामायण

ग- राम चरित मानस

घ-महाभारत

10-श्रीराम के सहयोगियों के नाम लिखो?

11-लंका का राजा रावण की रानी का नाम लिखो?

12- आपको गुस्सा कब- कब आता है? गुस्सा होने से क्या क्या नुकसान है?

शीतकालीन गृहकार्य हिंदी

कक्षा सातवीं

****

1- वीर कुँवर सिंह कौन- कौन सी भलाई के काम करते रहते थें ? लिखो

2- भोर और बरखा पाठ के आधार पर सावन माह की विशेषताएं लिखो?

3- भक्ति कालीन कवि और कवयित्रियों के नाम लिखो-

4- विग्रह कीजिए-

क- नीलाभ- ---------- ----------

ख- नवागंतुक---------- ----------

ग- सिंहासन---------- ----------

घ- मेघाच्छन्न---------- ----------

5-अज्ञातवास के समय पांडव कहां रूके ?और किस किस नाम से नौकरी करते रहे?

6- महाभारत काल में कौरव पक्ष के वीर सैनिकों के नाम लिखो ?

7-महाभारत युद्ध किन किन के बीच हुआ? और उसके कारण लिखो?

8-किसी एक विषय पर एक अनुच्छेद लिखो क कोरोना वायरस

ख- शीतकालीन अवकाश

ग- फिट इंडिया प्रोग्राम

9- शब्दों की वर्तनी सुधार कर लिखो-

केंद्रित विधालय, अनुक्रमीनका, आषीर्वाद, छमा,दीपीका, दवाईयां,

केंद्रीय विद्यालय झाझा

विषय- हिंदी कक्षा -आठवीं.

शीतकालीन अवकाश 2023 हेतु गृ0कार्य

—----------

नोट1-सभी प्रश्नों के उत्तर नोटबुक में लिखना है—

2-प्रश्नों के उत्तर अति संक्षिप्त में लिखना है।

प्रश्न1- कविता के रचनाकार का नाम लिखो -

क- सुदामा चरित— ----------

ख— सूर के पद- ----------

ग- — यह कठिन समय नहीं- ----------

घ- कबीर की साखियाँ- —----------

प्रश्न2-पाठ के लेखक का नाम लिखो-

क- बाज और साँप —----------

ख- जहाँ पहिया है। ----------

ग- अकबरी लोटा —----------

घ- पानी की कहानी —----------

प्रश्न3- एक कविता लिखो जो आपको बहुत पसंद हो,और आपको सबसे अच्छी लगती हो, लेकिन आप की पाठ्य पुस्तक में न हो।

4-संवाद (बातचीत) किसी एक विषय पर लिखो-

क- शिक्षक और छात्र/छात्रा या

ख- ब्लैकबोर्ड और चॉक

5- क्रीड़ा दिवस (स्पोर्ट डे पर 1 अनुच्छेद लिखो?

6-आपकींअपनी पाठ्य पुस्तक हिंदी की किताबों के नाम लिखो।

7- चाणक्य /कौटिल्य जी की रचनाओं के नाम लिखो?

8-भारत देश पर किन किन आक्रांताओं ने शासन किया? किन्ही 5 के नाम लिखो

9-आप शीत कालीन अवकाश कैसे बिताओगे? योजना बनाकर एक अनुच्छेद में लिखो।

शरदकालीन अवकाश गृहकार्य - 2023

कक्षा - नौवीं

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रस्थान बिंदु के आधार पर 100 से 120 शब्दों में शीर्षक सहित एक लघु कथा लिखिए-

एक बूढ़ा किसान था। उसके चारों पुत्र आपस में झगड़ा करते थे। किसान बहुत दुखी था। उसने एक दिन अपने चारों पुत्रों को बुलाया, दुखी मन से कहा, " आपस में झगड़ा करना नहीं करना चाहिए और तुम लोगों को मिल जुल कर रहना चाहिए।" पिताजी की बातें सुनकर चारों पुत्र वहाँ से चले गएँ। पर लड़ाई-झगड़े का सिलसिला जारी रहा, फिर एक दिन उस बूढ़े किसान ने एक उपाय सोचा.....

प्रश्न 2. निम्नलिखित विषयों पर 120 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।

1. एक भारत श्रेष्ठ भारत

2. नई शिक्षा नीति 2020

प्रश्न 3. "गीता पुस्तक पढ़ती है।" इस वाक्य को अर्थ के आधार पर वाक्य के आठों (8) भेदों में रूपांतरित कीजिए।

प्रश्न 4. अलंकार के सभी भेदों के दो - दो उदाहरण लिखकर कंठस्थ कीजिए।

प्रश्न 5. अर्द्ध वार्षिक परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करें।

शरदकालीन अवकाश गृहकार्य - 2023

कक्षा - दसवीं

प्रश्न 1.पत्रों के दोनो रूप औपचारिक और अनौपचारिक के दो दो उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित विषयों पर 120 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।

1.एक भारत श्रेष्ठ भारत

2.नई शिक्षा नीति 2020

प्रश्न 3. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए-

लोग खाना खा रहे होंगे | (कर्मवाच्य)

अनेक आतंकवादियों को मारा गया | (कृत्य वाच्य)

वह नहीं दौड़ा | (भाववाचक)

यह पत्र शुभी ने भेजा होगा | (कर्मवाच्य)

प्रश्न 4.1. आप के शहर में चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस आयुक्त को एक मेल लिखिए?

2.कंप्यूटर सहायक हेतु एक स्ववृत तैयार करें।

3." आप ने एक कपड़ों का शोरूम खोला है इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

4." शुभकामना संदेश लिखिए।

प्रश्न 5. अर्द्ध वार्षिक परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करें।